प्राचार्य का कार्यालय नालन्दा मेडिकल कालेज पटना।

निविदा आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में तीन बर्ष के लिये नालन्दा मेडिकल कालेज,पटना में सी0सी0टी0भी0 कैमरा का अधिष्ठापन,संचालन, रख–रखाव एवं 24 घंटा रिकॉर्डिंग हेतु निबंधित निर्माता /आपूर्तिकर्त्ता/ एजेन्सी से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा समाचार पत्र में प्रथम प्रकाशन की तिथि से 21 (इक्कीस) दिनों के अन्दर कार्यालय अबधि 10.00 बजे दिन से संध्या 5.00 बजे तक निबंधित डाक/स्पीडपोस्ट के माध्यम से प्राप्त होना चाहिए । विलम्ब से प्राप्त निविदा पर विचार नही किया जायगा। कुरियर हाथो–हाथ निविदा स्वीकार नही किया जायगा। निविदा दो प्रकार की होगी यथा तकनिकी एवं वित्तीय निविदा । तकनिकी एवं वित्तीय निविदा को अलग–अलग लिफाफे में सील्ड कर पुनः उसे वडे लिफाफे में सील्ड कर उस पर किस मद के लिये निविदा दिया जा रहा है, स्पष्ट अंकित करना होगा। निविदा कम्पयुटराईज टंकित होना चाहिए, काट–कुट एवं लिप्त लेपन वाला निविदा मान्य नही होगा। प्राप्त निविदा निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि को कय समिति के द्वारा खोला जायगा। उक्त तिथि को अवकाश की स्थिति में अगले कार्य दिवस को निविदा खोला जायगा। उक्त अवसर पर निविदादाता स्वंय या उनके अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकतें हैं। निविदा की विवरणी एवं शर्तें नालन्दा मेडिकल कालेज,पटना के कालेज बेवसाईट nmchpatna.ac.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

24/3/26

प्राचार्य
नालन्दा मेडिकल कालेज,पटना।

24.3.26 24/03/26

वित्तीय वर्ष 2025–26 में नालन्दा मेडिकल कालेज,पटना में सी0सी0टी0भी0 कैमरा का अधिष्ठापन,संचालन रख–रखाव एवं 24 घंटा रिकॉर्डिंग हेतु निविदा की विवरणी एवं शर्ते :–

(क) तकनिकी निविदा :– इसके तहत निविदादाताओं को निम्न कागजात संलग्न करना होगा ।

1. निविदादाता एजेन्सी / फर्म / कम्पनी का नाम, पुरा पता, मोवाईल नं0 एवं आधार कार्ड
2. निविदादाता एजेन्सी / फर्म / कम्पनी का GST निबंधन प्रमाण पत्र की छाया प्रति।
3. निविदादाता एजेन्सी / फर्म / कम्पनी का पैन कार्ड तथा Assessment Year 2022—23, 2023—24 एवं 2024—25 का आयकर रिर्टन की छाया प्रति ।
4. निविदादाता का सरकारी संस्थानों / सरकारी शिक्षण संस्थानों में सी0सी0टी0भी0 कैमरा संचालन संबंधी कार्यादेश की छाया प्रति एवं परफारमेंस प्रमाण पत्र की मुल प्रति।
5. निविदादाता का वित्तीय वर्ष 2024—25 का लेखाकार द्वारा निर्गत टर्न ओभर की प्रति । टर्न ओभर कम से कम एक करोड रू0 मात्र होना चाहिए ।
6. निविदादाता का बैंक शोधन क्षमता, जो कम से कम दस लाख रू0 मात्र का होना चाहिए।
7. निविदादाता को काली सूची में दर्ज नही रहने का कार्यपालक दण्डाधिकारी द्वारा निर्गत शपथ–पत्र की मूल प्रति।
8. अग्रधन के रूप में 100,000.00 (एक लाख) रू0 मात्र का बैंक डाफट, जो प्राचार्य के पदनाम से भुगतेय हो ।
9. निविदादाता को अधिष्ठापित किये जाने वाले कैमरों का पूर्ण स्पेशिफिकेशन अंकित करना होगा तथा कैटलॉग भी संलग्न करना होगा। कैमरा **IP Based, 5MP Megapixel, Bullet** होना चाहिए।

(क) वित्तीय निविदा :– इसके तहत प्रति कैमरा प्रति माह का टैक्स रहित दर देना होगा तथा उस पर चार्ज किये जाने वाले सभी प्रकार के कर का उल्लेख अलग से अंकित करना होगा।

निविदा की शर्ते :–

1. यह निविदा तीन बर्षो की होगी किन्तु कार्यादेश एक बर्ष के लिये निर्गत किया जायगा। एक बर्ष के कार्यो की समीक्षा की जायगी, कार्य संतोषजनक पाये जाने पर दूसरे बर्ष का कार्यादेश निर्गत किया जायगा। उसी प्रकार दुसरे बर्ष का कार्य संतोषजनक पाये जाने पर तीसरे बर्ष का कार्यादेश निर्गत किया जायगा।
2. निविदा का दो तकनिकी मुल्यांकन किया जायगा। प्रथम तकनिकी मुल्यांकन कागजातों का होगा एवं द्वितीय तकनिकी मूल्यांकन कागजातों के तकनिकी मुल्यांकन में सफल फर्मो के तकनिकी निविदा में अंकित कैमरा के स्पेशिफिकेशन का होगा।
3. तकनिकी मुल्यांकन में सफल निविदादाताओं का ही वित्तीय निविदा खोला जायगा।
4. सफलीभूत निविदादाता को अधोहस्ताक्षरी से एग्रिमेन्ट करना होगा ।
5. सफलीभूत निविदादाता को परफारमेंस सिकयुरिटी के रूप कुल एग्रिमेन्ट राशि का 10 (दस) प्रतिशत राशि का बैंक गारंटी प्रस्तुत करना होगा। बैंक गारंटी प्रस्तुत करने के पश्चात एग्रिमेन्ट करना होगा तत्पश्चात ही कार्यादेश निर्गत किया जायगा।
6. सफलीभूत निविदादाता को 24 घंटा सी0सी0टी0भी0 कैमरा का संचालन एवं रिकॉर्डिंग कराना होगा। इसके लिये उन्हें ऑपरेटर की सेवा देना होगा।

24-3-26

24/3/26

7. कोई अप्रयि घटना घटती है तो इसकी जानकारी तुरन्त फुटेज के साथ अधोहस्ताक्षरी को देना होगा।
8. सी0सी0टी0भी कैमरा का फुटेज कम से कम 10 दिनों तक सुरक्षित रखना होगा।
9. कैमरों की संख्या घटायी – बढायी जा सकती है।
10. इस कार्य के लिये स्थान एवं बिजली कालेज प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा ।
11. किसी/सभी निविदाओं को रदद करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/कय समिति को सुरक्षित रखा जायगा।
12. विपत्र का भुगतान आवंटन की उपलब्धता के आधार पर किया जायगा। आवंटन उपलब्ध नही रहने पर विपत्र भुगतान में विलम्व हो सकता है। विलम्व के लिये कोई सुद–ब्याज देय नही होगा।
13. निविदा की सभी पृष्ठों को पृष्टांकित करते हुए उसका विस्तृत विवरण अग्रसारण पत्र पर करना होगा।

24/3/26

प्राचार्य
नालन्दा मेडिकल कालेज,पटना।
24-3-26 24/03/26